**14/05**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल विदेश मंत्रियों से मुलाकात की। रूस के विदेश मंत्री Sergey Lavrov, ईरान के विदेश मंत्री Abbas Araghchi, दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्री Ronald Lamola तथा ब्राज़ील के विदेश मंत्री Mauro Vieira सहित अन्य नेताओं ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। ये बैठकें नई दिल्ली में जारी ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक के इतर आयोजित की गईं। इससे पहले अपने उद्घाटन संबोधन में विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने कहा कि शांति और सुरक्षा वैश्विक व्यवस्था के केंद्र में बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि हाल के संघर्ष संवाद और कूटनीति के महत्व को और अधिक रेखांकित करते हैं।

0000000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. पारनाईक रिटायर्ड ने **एतोर गिदी** के पूर्व अवसर पर राज्य के लोगों, विशेषकर आदी समुदाय को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि यह प्राचीन परंपरा स्वदेशी रीति-रिवाजों और ज्ञान को संरक्षित रखने के साथ-साथ युवा पीढ़ी में सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूत

करेगी। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि आदी जनजाति का यह प्रमुख कृषि पर्व एतोर गिदी मानवता, प्रकृति और सामुदायिक जीवन के बीच गहरे संबंध को दर्शाता है। खेती के मौसम की शुरुआत में मनाया जाने वाला यह पर्व एकता, सामूहिक जिम्मेदारी और सहयोग की भावना का प्रतीक है। राज्यपाल ने कामना की है कि यह पर्व प्रत्येक परिवार के लिए सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और भरपूर फसल लेकर आए।

000000000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने आज राज्य मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें विभिन्न विभागों से जुड़े महत्वपूर्ण नीतिगत, प्रशासनिक, सुशासन एवं विकासात्मक विषयों पर चर्चा की गई। मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए प्रमुख निर्णयों में प्रशासनिक सुधार एवं प्रशिक्षण विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी देना शामिल है, जिसके तहत "अरुणाचल प्रदेश लोक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम हेतु उपाय) नियम, 2026" तैयार किए जाएंगे। इन नियमों का उद्देश्य राज्य की विभिन्न भर्ती एजेंसियों द्वारा आयोजित परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक और अन्य अनुचित गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए सुरक्षा उपायों को मजबूत करना है।

अन्य महत्वपूर्ण निर्णयों में विभिन्न विभागों के प्रशासनिक अधिकारियों और मुख्य अभियंताओं से संबंधित भर्ती नियमों में संशोधन एवं बदलाव को मंजूरी देना तथा "अरुणाचल प्रदेश किरायेदारी नियम,

2026” को स्वीकृति देना शामिल है। इन नियमों का उद्देश्य अरुणाचल प्रदेश किरायेदारी अधिनियम, 2022 के प्रावधानों को लागू करते हुए राज्य में पारदर्शी, जवाबदेह और समावेशी किराया आवास व्यवस्था विकसित करना है। नियमों के तहत किराया प्राधिकरण, किराया न्यायालय और किराया न्यायाधिकरण की स्थापना एवं संचालन का प्रावधान किया गया है। साथ ही किरायेदारी समझौते, सुरक्षा जमा, पंजीकरण, बेदखली, विवाद समाधान तथा आवासीय एवं व्यावसायिक किराये की संपत्तियों के नियमन से संबंधित प्रक्रियाएं भी निर्धारित की गई हैं।

0000000000000000000000000000

राज्य सरकार ने आज मौजूदा इनर लाइन परमिट (ILP) प्रणाली को मजबूत और आधुनिक बनाने के लिए नए दिशा-निर्देशों की घोषणा की। नई व्यवस्था के तहत पूरी तरह डिजिटल ई-आईएलपी प्रणाली लागू की जाएगी, जिसमें सभी चेक गेट्स पर QR कोड सत्यापन की व्यवस्था होगी, ताकि फर्जी परमिट पर रोक लगाई जा सके। वर्क आईएलपी के लिए आधार आधारित प्रमाणीकरण, अनिवार्य पुलिस सत्यापन और प्रायोजकों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी, जिससे पूरी ट्रेसबिलिटी बनी रहे। आईएलपी उल्लंघन और निर्धारित अवधि से अधिक ठहरने पर कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है, जिसमें उल्लंघनकर्ताओं पर दो वर्ष तक प्रतिबंध लगाने की व्यवस्था भी शामिल है।

जिला टास्क फोर्स को भी निर्देश जारी किए गए हैं तथा एसपी और एसडीपीओ द्वारा प्रवेश द्वारों, बाजारों, कार्यस्थलों और अन्य मार्गों पर अचानक जांच अभियान चलाकर नियमों के कड़ाई से पालन को सुनिश्चित किया जाएगा।

0000000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के मद्देनज़र राज्य मंत्रिमंडल ने आज सभी के अनुपालन हेतु उपाय जारी किए। प्रमुख उपायों में अगले एक वर्ष तक मंत्रियों और सरकारी अधिकारियों की विदेश यात्राओं पर प्रतिबंध, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और मंत्रियों के काफिलों में पचास प्रतिशत की कटौती तथा सभी बैठकों के लिए "वर्चुअल फर्स्ट" नीति लागू करना शामिल है। अनिवार्य सरकारी यात्राओं के टिकट पोंद्रह दिन पहले तथा LTC यात्रा के टिकट पैतालीस दिन पहले बुक करने के निर्देश दिए गए हैं। मार्च 2027 तक सभी अधीनस्थ कार्यालयों, सर्कल कार्यालयों और SDO मुख्यालयों में सौ प्रतिशत ई-ऑफिस एवं पेपरलेस डेस्क व्यवस्था लागू करने का लक्ष्य रखा गया है। अधिकारियों तथा स्कूल और कॉलेज के छात्रों को कारपूलिंग और सार्वजनिक परिवहन के उपयोग के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा। इन उपायों में "बाय स्वदेशी, बाय लोकल" अभियान को बढ़ावा देकर राष्ट्र को मजबूत करने और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने पर भी जोर दिया गया है।

0000000000000000000000000

शहीद सिपाही आगोई वांगसा, शौर्य चक्र (मरणोपरांत) की पत्नी वीर नारी श्रीमती कोइमान वांगपान ने आज अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. पारनाईक रिटायर्ड से ईटानगर स्थित लोकभवन में मुलाकात की। राज्यपाल ने विपरीत परिस्थितियों में उनके साहस, धैर्य और दृढ़ता की सराहना की। उन्हें समाज के लिए प्रेरणा बताते हुए राज्यपाल ने श्रीमती वांगपान को आत्मविश्वास और सम्मान के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि उनका संकल्प और जज्बा त्याग एवं देशभक्ति के सच्चे मूल्यों को दर्शाता है। राज्यपाल ने उन्हें सामुदायिक सेवा, महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों और युवा मार्गदर्शन अभियानों में सक्रिय रूप से भाग लेने की सलाह दी, ताकि उनकी जीवन यात्रा अन्य लोगों को भी प्रेरित कर सके। उन्होंने वीर नारियों के लिए उपलब्ध कल्याणकारी योजनाओं और सहायता प्रणालियों का पूरा लाभ उठाकर अपने परिवार के लिए सुरक्षित और सशक्त भविष्य बनाने का भी आग्रह किया।

0000000000000000000000000